# केंद्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या-02/2024
# प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न

1. केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के लिए आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि क्या है?

उत्तर: आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 09-03-2024 है।

2. CEN 02/2024 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि क्या है?

उत्तर: शुल्क के भुगतान सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 08-04-2024 है।

3. आवेदन फार्म में संशोधन किए जाने की तिथि क्या है?

उत्तर: संशोधन विंडो आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि के बाद ही खुलेगी और 09.04.2024से18.04.2024तक सक्रियरहेगी। यदि उम्मीदवार'Create an Account' फॉर्म में भरे गए विवरण (ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबरसहित) और चुने हुए आरआरबीको छोड़कर,किसी भीविवरण कोसंशोधित, बदलना या सही करना चाहते हैं, तोवे प्रत्येक अवसर के लिए रु. 250/-(अप्रतिदेय) के संशोधन शुल्क का भुगतान करके ऐसा कर सकते हैं।

(कृपया ध्यान दें: 'Create an Account' फॉर्म में भरे गए विवरण और 'चुने गए आरआरबी' को संशोधित नहीं किया जा सकता है)

4. मेरा अंतिम परिणाम 8अप्रैल, 2024 के बाद संभावित है क्या मैं आवेदन कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं, ऐसे उम्मीदवार जिनका निर्धारित शैक्षिक/तकनीकी योग्यताकाअंतिम परिणाम प्रतीक्षारत है, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। उम्मीदवारों को इस केंद्रीयकृत रोजगार सूचना के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तकअथवाउससे पहले निर्धारित शैक्षिक/तकनीकी योग्यता होनी चाहिए।

5. 'Create an Account'हेतु आवश्यकताएं क्या हैं?

उत्तर: इसके लिए उम्मीदवारों के पास अपना मोबाइल नंबर और वैध और सक्रिय व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होनी चाहिए।

6. मैंने केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 01/2024के लिए एक Accountबनाया है, क्या मुझेकेंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के लिए एक और Accountबनाना चाहिए?

उत्तर: नहीं, ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने सहायक लोको पायलट (ALP) (सीईएन 01/2024) के लिए आवेदन फॉर्म भरने/जमा करने के दौरान पहले ही एक Account बना लिया है,उन्हें फिर से Account बनाने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024के लिए आवेदन करने के लिए उसी यूजरनाम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करना चाहिए।

7. 'Create an Account'बनानेकी प्रक्रिया क्या है?

उत्तर: 'Apply Button' केअंतर्गत, 'Create an Account'चुनें, इसके बाद उम्मीदवार के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सहित पूछे गए अन्यसभी विवरण दर्ज करें। उम्मीदवार के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर ओटीपी भेजी जाएगी। उसी को दर्ज करना और जमा करना होगा।

8. क्या मैं 'Create an Account'विवरण को संशोधित (Edit) कर सकता हूँ?

उत्तर: एक बार खाता बनाए जाने के बाद उम्मीदवार 'Create an Account'के किसी भी विवरण को संशोधित (Edit) नहीं कर सकते हैं।

9. 'Create an Account'के बाद अगली प्रक्रिया क्या होतीहै?

उत्तर: 'Home' पेज पर जाएं। 'Apply Tab' के अंतर्गत ड्रापडाउन मीनू से 'Already have an Account' चुनें।अपने एकाउंट को साइन इन करें।इसमें पाँच विस्तृत सेक्शन होते हैं: व्यक्तिगत विवरण, अन्य विवरण, शैक्षिक योग्यता, प्रोफाइल डाक्यूमेंट अपलोड करें, प्राथमिकता और प्रीव्यूव सबमिट करें। व्यक्तिगत विवरण से शुरू करते हुए एक-एक कर सभी विवरण दर्ज करें। व्यक्तिगत विवरण दर्ज करने के बाद, सेव (Save) करें और अगले सेक्श्न को भरें और इस तरह से तब तक भरनाजारी रखें जब तक कि उम्मीदवार अंतिम सेक्श्न, प्रीफरेंस और प्रीव्यू और सबमिट तक न पहुँच जाए, जहाँ उम्मीदवार अंततः आवेदन जमा कर सकते हैं। शुल्क भुगतान प्रक्रिया को पूरा करें। अंत में, पंजीकरण संख्या युक्त आवेदन का प्रिंटआउट लें।

10. क्या Accountबनाने और आवेदन भरने के लिए मोबाइल का उपयोग कर सकते हैं?

उत्तर: एप्लिकेशन मॉड्यूल के कुछ फीचर्स ठीक से काम नहीं करेंगे। अत:कृपया डेस्कटॉप/लैपटॉप का उपयोग करें।

11. लॉगिन करने की प्रक्रिया क्या है?

उत्तर: पंजीकृत मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल आईडी इन्टर करने के बाद पासवर्ड और कैप्चा दर्ज करें और सबमिट करें।

12. केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 में कितने वेतनस्त रहैं?

उत्तर: केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024में दो वेतन स्तर हैं - स्तर-5 और स्तर-2)

13. क्या मैं दोनों वेतनस्तरों के लिए कॉमन आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर: नहीं। प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

14. क्या मैं तकनीशियन ग्रेड -I सिगनल और तकनीशियन ग्रेड -III पदों के लिए एक ही आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर: नहीं। तकनीशियन ग्रेड -I सिगनल (वेतन स्तर -5) और तकनीशियन ग्रेड - III (वेतन स्तर - 2) अलग-अलग वेतन स्तरों से संबंधित हैं। प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

15. क्या मैं अलग-अलग वेतन स्तरोंके लिए अलग-अलग आरआरबी में आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर: हाँ। उम्मीदवार स्तर -5 पद के लिए अपनी पसंद के किसी एक आरआरबी में आवेदन कर सकते हैं, यदि वे आवेदन करने के पात्र हैं। इसी प्रकार, उम्मीदवार स्तर-2 पदों के लिए अपनी पसंद के उसी अथवा अलग आरआरबी के लिए एक अलग आवेदन जमा कर सकते हैं, यदि वे स्तर -2 पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। हालांकि, प्रत्येक वेतन स्तर के लिए उम्मीदवार द्वारा केवल एक आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जो उस वेतन स्तर में किसी भी अथवा सभी अधिसूचित पदों के लिए वरीयता के क्रम को दर्शाता है, जिसके लिए उम्मीदवार पात्र है और आवेदन करने में रुचि रखता है।

16. क्या दोनों आवेदनों के लिए एक शुल्क है?

उत्तर: नहीं। प्रत्येक वेतन स्तर के लिए देय शुल्क अलग से भुगतान किया जाना आवश्यक है।

17. क्या मैं एक ही वेतन स्तर के लिए एक से अधिक आरआरबी में आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर: नहीं, आपको एक ही वेतन स्तर के लिए एक से अधिक आरआरबी में आवेदन नहीं करना चाहिए। एक ही वेतन स्तर के लिए एक से अधिक आरआरबी में आवेदन करने के परिणामस्वरूप उस वेतन स्तर के लिए सभी आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और भविष्य मेंआरआरबी और आरआरसी की सभी परीक्षाओं से डिबार कर दिया जाएगा।

18. मेरे पास भौतिकी और गणित के साथ 10+2दोनों में योग्यता है, और निर्धारित ट्रेड में आईटीआई है। क्या मैं तकनीशियन ग्रेड -III पदों के लिए अलग से दो आवेदन कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं, उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में एक ही वेतन स्तर के लिए दो आवेदन नहीं करना चाहिए। उम्मीदवारों को सभी तकनीशियन ग्रेड - III केपदों के लिए 10+2और आईटीआई योग्यता का विवरण दर्शाते हुए अपनी पसंद की आरआरबी में केवल एक ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें चुने गए आरआरबी के अंतर्गत और आईटीआई दोनों पर लागू सभी पात्र पदकेविकल्प मिलें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चुने हुए आरआरबी में जितने पदों के लिए पात्र हैं, उतने पदों के लिए अपनी वरीयता क्रम को इंगित करें।

उम्मीदवार द्वारा एक ही वेतन स्तर के लिए एक से अधिक आरआरबी में आवेदन करने के परिणामस्वरूप उस वेतन स्तर के लिए सभी आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और भविष्य मेंआरआरबी और आरआरसी की सभी परीक्षाओं से डिबार कर दिया जाएगा।

19. मेरी LASIK सर्जरी हुई है, क्या मैं आवेदन करने हेतु पात्र हूँ?

उत्तर: LASIK सर्जरी वाले उम्मीदवार चिकित्सा मानक ए 3 की आवश्यकता वालेपदों के लिए पात्र नहीं हैं। कृपया पैरा 3.0नोट (बी) देखें।

20. आधार सत्यापन की आवश्यकता क्यों है?

उत्तर: परीक्षा केंद्र पर सुगम प्रवेश के लिए आधार सत्यापन आवश्यक है। आरआरबी किसी तीसरे पक्ष के साथ आधार विवरण साझा नहीं करेंगे अथवा इस केंद्रीयकृत रोजगार सूचना के उद्देश्यों के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उनका उपयोग नहीं करेंगे।

21. यदि मेरे पास आधार नहीं है तो मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर: उम्मीदवार के पास यदि आधार नहीं है, तो वे निम्नलिखित में से किसी भी दस्तावेज का विवरण दे सकते हैं:

1. ड्राइविंग लाइसेंस।
2. पासपोर्ट
3. पैन कार्ड
4. मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी)
5. नियोक्ता आईडी (सरकारी)
6. स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय (यदि अभी अध्ययनरत हैं)

ऑनलाइन आवेदन में चयनित दस्तावेज सीबीटी, डीवी और एमई आदि परीक्षाके दौरान प्रस्तुतकिया जाना चाहिए।

22. यदि मैंने अपना नाम पहले ही परिवर्तित कर लिया है, तो मुझे इस संदर्भ में कौन-सा दस्तावेज़ प्रस्तुत करना चाहिए?

उत्तर: आवेदकों के पास नाम परिवर्तन से संबंधित राजपत्र अधिसूचना अथवा प्रासंगिक कानूनी दस्तावेज होना चाहिएऔर भर्ती प्रक्रिया के दौरान मांगे जाने पर इसे प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे दस्तावेज सत्यापन (डीवी) के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

आवेदकों को 'Create an Account'के दौरान मूल नाम और परिवर्तित नाम दोनों भरना होगा। ऐसे मामलों में, दोनों नाम आवेदन में परिलक्षित होंगे।

23. यदि मैं My Accountमें साइन इन करने के लिए पासवर्ड भूल जाऊँ तो मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर: लॉगिन पेज पर 'Forgot Password'विकल्प पर क्लिक करें। अपनी जन्मतिथि के साथ अपना पंजीकृत ई-मेलअथवा मोबाइल नंबर दर्ज करें। संशोधित पासवर्ड उम्मीदवार के पंजीकृत ई-मेल केपते पर भेजा जाएगा। उसके बाद उम्मीदवार अपने पंजीकृत ई-मेल पर भेजे गए संशोधित पासवर्ड का उपयोग करके लॉग इन करना होगा। लॉग इन करने के बाद, उम्मीदवार

ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ के ऊपरी दाईं ओर उपलब्ध 'Change Password'का विकल्प एक्सेस करके एक नया पासवर्ड बना सकते हैं।

24. क्या मैं अपना पासवर्ड बदल सकता हूँ?

उत्तर: हाँ। उम्मीदवारों को पहले अपनेपुराने पासवर्ड का उपयोग करके लॉग इन करना चाहिए। लॉग इन करने के पश्चात, उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ के ऊपरी दाईं ओर 'Change Password'का विकल्प एक्सेस करके एक नया पासवर्ड बना सकते हैं।

25. क्या मैं अपना 'चुना हुआ आरआरबी' बदल सकता हूँ?

उत्तर: आवेदन जमा करने के बाद आप 'चुने हुए आरआरबी' को नहीं बदल सकते हैं।

26. क्या मैं आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपना विवरण संशोधित (एडिट) कर सकता हूँ?

उत्तर: हाँ। 'Create an Account'के दौरान दर्ज किए गए विवरण के अलावा आवेदन में कोई भी विवरण तब तक संधोधित (एडिट) किया जा सकता है, जब तक कि आवेदन जमा नहीं हो जाता और पंजीकरण संख्या उत्पन्न नहीं हो जाती।

27. (मुफ्त रेलवे पास) फ्री ट्रैवल अथॉरिटी' के लिए कौन पात्र हैं?

उत्तर: केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार (मुफ्त रेलवे पास)फ्री ट्रैवल अथॉरिटी' का लाभ उठा सकते हैं।

28. मैं (मुफ्त रेलवे पास) 'फ्री ट्रैवल अथॉरिटी' का लाभ कैसे उठा सकता हूँ?

उत्तर: यह सुविधा केवल एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन भरते समय, ऐसे उम्मीदवारों को ड्रॉप डाउन में से 'क्या आप परीक्षा के लिए मुफ्त रेल यात्रा पास प्राप्त करना चाहते हैं' के तहत 'हाँ' का चयन करना चाहिए और 'निकटतम रेलवे स्टेशन' भरना चाहिए। इस संबंध में उन्हें अपना जाति प्रमाण पत्र भी अपलोड करना आवश्यक है।

29. मैं मुफ्त यात्रा सुविधा कैसे प्राप्त कर सकता हूँ?

उत्तर: पात्र एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में, उनके सिटी इंटिमेशन स्लिप/ई-कॉल लेटर में ही मुफ्त यात्रा प्राधिकरण (स्लीपर क्लास रेलवे पास) होगा। उन्हें टिकट बुकिंग काउंटर पर अपने सिटी इंटिमेशन स्लिप/ई-कॉल लेटर और एससी/एसटी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी जमा करके ट्रेन रिजर्वेशन बुक करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024के पैरा 17.0 (ई) का अवलोकन करें ।

30. मैं अपना जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने में असमर्थ हूँ?

उत्तर: जांच कर लें कि स्कैन किया गया दस्तावेज'पीडीएफ'प्रारूप में है अथवा नहीं और उसकाआकार 500केबी से कम होना चाहिए।

31. ईबीसी (EBC) क्या है?

उत्तर: ईबीसी (EBC) का अर्थ है 'आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग'।आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) उम्मीदवार वे हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय रु. 50,000/- से कम है (अथवा) बीपीएल कार्ड अथवामान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी किसीअन्य प्रमाण पत्र अथवारेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी धारक हैं।

उम्मीदवारों को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के साथ भ्रमित नहीं होना चाहिए।

32. ईबीसी (EBC) उम्मीदवारों को क्या लाभ दिए जाते हैं?

उत्तर: ईबीसी उम्मीदवारों को शुल्क मेंरियायतदी जाती है। विस्तृत विवरणके लिएकेद्रीय रोजगार सूचना सं. 02/2024 का पैरा 7.3का अवलोकन करें।

33. मैं एक ईबीसी हूँ। अगर मेरे पास ईबीसी प्रमाण-पत्र नहीं है तो मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर: आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवार के पास केंद्रीयकृत रोजगार सूचना के अनुलग्नक III (ए) के अनुसार एक वैध आय प्रमाण पत्र होना चाहिए।

यदि उनके पास अनुलग्नक III (ए) के अनुसार आय प्रमाण पत्र नहीं है, तो उम्मीदवार अपने बीपीएल कार्ड अथवामान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य प्रमाण पत्र अथवारेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी का विवरण दे सकते हैं। विस्तृत विवरणके लिए केंद्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 का पैरा 7.3 का अवलोकन करें।

दस्तावेज सत्यापन के दौरान आवेदन जमा करने की तारीख के अनुसार मान्य ईबीसी प्रमाण पत्र/बीपीएल कार्ड/इज्जत एमएसटी, प्रस्तुत किया जाना चाहिए,अन्यथा, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

34. क्या ईबीसी के लिए पद आरक्षित हैं?

उत्तर: नहीं। ईबीसी उम्मीदवार केवल शुल्क रियायत के लिए पात्र हैं। ईबीसी उम्मीदवारों के लिए पदों का कोई आरक्षण नहीं है।

35. उम्र की गणना के लिए अंतिम तिथि क्या है?

उत्तर: आयु गणना की अंतिम तिथि 01.07.2024है। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीयकृत रोजगार सूचनाके पैरा 5.0,5.1और 5.2देखें।

36. **अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जन जाति (ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)/आर्थिक रूप से कमज़ोर (EWS) वर्गमें आरक्षण का लाभ लेने की अंतिम तिथि क्या है?**

उत्तर: **अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जन जाति (ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)/आर्थिक रूप से कमज़ोर (EWS) वर्ग की स्थिति के आधार पर आरक्षण का लाभ लेनेके लिएउम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास इसकेंद्रीयकृत रोजगार सूचना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** के अनुसार जाति/समुदाय प्रमाण पत्र है। दस्तावेज सत्यापन के दौरान, ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार वैध अपने मूल जाति/समुदाय प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप मेंप्रस्तुतकरना चाहिए।

**37. ईडब्लूएस के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए क्या मानदंड हैं ?**

**उत्तर: आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 8.8**

**का अवलोकन करें ।**

**38. शुल्क में रियायत के लिए कौन से उम्मीदवार पात्र हैं ?**

**उत्तर: शुल्क में रियायतके लिए अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जन जाति (ST),भूतपूर्व सैनिक(ExSM), पीडब्ल्यूबीडी (PwBD), महिला (Female), ट्रांसजेंडर (Transgender), अल्पसंख्यक (Minorities)और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) के उम्मीदवार पात्र हैं ।**

39. मैं वर्तमान में सशस्त्र बल सेवा में सेवारत हूं। क्या मैं एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में आवेदन कर सकता हूँ?

उत्तर: हाँ, आप एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में आवेदन कर सकते हैं। यदि सीईएन 02/2024 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से आपको एक वर्ष के अंदर (अर्थात 07.04.2025 को अथवा उससे पहले) रिलीज कर दिया जाएगा।

40. मैंने पहले ही एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में सिविल रोजगार हासिल कर लिया है। क्या मैं सीईएन 02/2024 के अंतर्गत भर्ती परीक्षा में भूतपूर्व सैनिक लाभों को प्राप्त करने के लिए पात्र हूं?

उत्तर: भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार जिन्होंने पहले ही भूतपूर्व सैनिकों को प्रदत्त आरक्षण लाभ को प्राप्त कर केंद्र सरकार के तहत सिविल सेवा में ग्रुप 'सी' और पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' (पीएसयू, स्वायत्त निकाय/सांविधिक निकाय,राष्ट्रीयकृत बैंक आदि सहित) में रोजगार प्राप्त कर लिया है,वे केवल केंद्र सरकार के तहत ग्रुप 'सी' और पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' में उच्च ग्रेड या कैडर में अन्य सिविल रोजगार प्राप्त करने हेतु केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आयु में छूट का लाभ प्राप्त करने के पात्र होगें। ऐसे उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के भर्ती पदों के सापेक्ष भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 10.0 से 10.6 का अवलोकन करें ।

41. किन उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय अनापत्ति (NOC) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ?

उत्तर : भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को जो पहले से ही सिविल रोजगार सेवा में कार्यरत हैं, रेल सेवा में कार्यरत कर्मचारी और केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत कर्मचारियों को दस्तावेज सत्यापन के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

42. पीडब्ल्यूबीडी (PwBD)के लिए निर्दिष्ट विकलांगता की बेंचमार्क मानक क्या है?

उत्तर: बेंचमार्क विकलांगता (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु विकलांगता 40% या उससे अधिक होनी चाहिए।

43. क्या (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के सापेक्ष आवेदन कर सकते हैं ?

उत्तर: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार किसी भी पद के अनारक्षित रिक्तियों के सापेक्ष आवेदन कर सकते हैं जो विशेष रूप से उनके लिए निर्धारित नहीं हैं, लेकिन उक्त पद केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के अनुलग्नक-ए में उनकी विकलांगता के लिए उपयुक्त के रूप में इंगित होना चाहिए। वे इन पदों के आवेदन पर निर्दिष्ट आयु एवं शुल्क रियायत के लिए पात्र होंगे।

44. मुझे पदों के लिए विभिन्न विकलांगताओं की उपयुक्तता के बारे में कैसे पता चलेगा ?

उत्तर: पीडब्ल्यूबीडी के लिए किसी पद की उपयुक्तता या अन्यथा को विकलांगता की निर्दिष्ट उप-श्रेणी के विवरण के साथ "बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्तता" कॉलम के तहत प्रत्येक पद के लिए सामने पोस्ट पैरामीटर्स तालिका (अनुलग्नक ए) में दर्शाया गया है।

45. स्क्राइब सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कौन पात्र हैं ?

उत्तर: उम्मीदवार जो दृष्टिबाधित (वीआई) हैं/ उम्मीदवार जिनकी लेखन गति सेरेब्रल पाल्सी/मस्कुलर डिस्ट्राफी/लोकोमोटर विकलांगता (एक हाथ) वाले उम्मीदवार स्क्राइब सुविधा के लिए पात्र हैं। स्क्राइब के बारे में अधिक जानकारी के लिए पैरा 11.5का अवलोकन करें ।

46. क्या सीसीएए के लिए आरक्षण है ?

उत्तर: नहीं,सीसीएए उम्मीदवार केवल आयु में छूट के लिए पात्र हैं। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 5.1 और 5.2का अवलोकन करें ।

47. मेरी अप्रेंटिस प्रशिक्षण अवधि 3 वर्ष से अधिक थी। क्या मुझे अपने अप्रेंटिस प्रशिक्षण की पूरी अवधि के लिए आयु में छूट मिलेगा ?

उत्तर: अप्रेंटिस अधिनियम,1961 के तहत अप्रेंटिस द्वारा प्रशिक्षण के दौरान व्यतीत अवधि के आधार पर ऊपरी आयु में छूट दी जाएगी, परन्तु इस छुट की अधिकतम अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

48. 'आवेदन शुल्क की वापसी' के लिए कौन उम्मीदवार पात्र हैं?

उत्तर: केवल सीबीटी में भाग लेने वाले उम्मीदवार आवेदन शुल्क की वापसी' (बैंक शुल्क में कटौती के बाद ) के लिए पात्र हैं, जैसा कि केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 7.0 में दिया गया है। कृपया ध्यान दें कि संशोधन शुल्क गैर-वापसी योग्य है।

49. कृपया मुझे आरआरबी की 'रिफंड पॉलिसी' बताएं।

उत्तर: रिफंड पॉलिसी': आवेदन शुल्क का भुगतान करने के दौरान आवेदक स्वीकार करता है और सहमत होता है कि उसके द्वारा किया गया भुगतान गैर-वापसी योग्य है और आवेदक किसी भी परिस्थिति में चार्जबैक (भुगतान राशि की वापसी) की मांग नहीं करेगा ।

शुल्क के निर्दिष्ट हिस्से की वापसी (विस्तृत विवरण केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 7.0 के अनुसार) केवल उन उम्मीदवारों की होगी जो सीबीटी में भाग लेगें।

50. आवेदन करने के बाद मुझे वेबसाइट पर केवल मैट्रिक का ही रिजल्ट प्रदर्शित होता है। मैं अपनी अन्य शैक्षणिक योग्यताएं कैसे जोड़ूं ?

उत्तर: 'योग्यता' टैब पर क्लिक कर सुसंगत शैक्षणिक योग्यता का चयन करें तथा शैक्षणिक योग्यता विवरण भरें और अन्य शैक्षणिक योग्यताएं जोड़ने के लिए 'ऐड' (add) बटन पर क्लिक करें।

51. मुझे आवेदन में कौन सी तारीख दर्ज करनी चाहिए यदि मैट्रिक और अन्य योग्यता प्रमाणपत्रों पर केवल उत्तीर्ण होने का महीना और वर्ष उपलब्ध है?

उत्तर: यदि किसी भी योग्यता पर तारीख अनुपलब्ध है तो प्रमाण पत्रपर उपलब्ध महीने की अंतिम तिथि दर्ज करें। उदाहरण के लिए-अप्रैल-2022 के लिए 30-04-2022 के रूप में उल्लेख किया जा सकता है।

52. यदि जिला/राज्य का विभाजन किया गया है तो मुझे किस जिले/राज्य का उल्लेख करना चाहिए ?

उत्तर: वर्तमान जिला/राज्य का उल्लेख किया जा सकता है क्योंकि कुछ जिलों को विभाजन के बदले संबंधित राज्य के लिए नहीं दिखाया जाएगा। यानी आंध्र प्रदेश के दो राज्यों (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) में विभाजन के बाद। संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के जिलों को आंध्र प्रदेश

और तेलंगाना में विभाजित किया गया है। इसके अलावा, संबंधित राज्यों के जिलों को और विभाजित किया गया है। इसलिए, अस्पष्टता से बचने के लिए वर्तमान जिला/राज्य का उल्लेख किया जा सकता है।

53. मैंने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री की है, क्या मैं तकनीशियन ग्रेड III पदों के लिए आवेदन कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं, तकनीशियन ग्रेड -III के पद के लिए आईटीआई/एनएसी के स्थान पर डिप्लोमा/डिग्री स्वीकार नहीं की जाएगा।

54. मैंने एनटीसी और एनएसी किया है। क्या मैं तकनीशियन ग्रेड -III के पद के लिए दोनों शैक्षणिक योग्यताओं को जोड़ सकता हूं?

उत्तर: हां, उम्मीदवार तकनीशियन ग्रेड -III पदों के लिए एनटीसी और एनएसी दोनों योग्यताओं को जोड़ सकता है।'योग्यता' टैब पर क्लिक कर सुसंगत योग्यता का चयन करें तथा योग्यता विवरण भरें और दूसरी शैक्षणिक योग्यता जोड़ने के लिए 'ऐड' (add)बटन पर क्लिक करें।

55. मैंने एनटीसी/एनएसी और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। क्या मैं अपने आवेदन में दोनों योग्यताएं शामिल कर सकता हूं?

उत्तर: उम्मीदवार तकनीशियन ग्रेड-III पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं यदि उनके पास निर्दिष्ट ट्रेडों में एनटीसी/एनएसी योग्यता है। इसके अतिरिक्त, वे तकनीशियन ग्रेड-I सिग्नल पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं यदि उनके पास इंजीनियरिंग में सुसंगत डिप्लोमा है। कृपया ध्यान दें कि प्रत्येक पे स्तर के लिए अलग-अलग आवेदन जमा किए जाने चाहिए, अर्थात, तकनीशियन ग्रेड- III पदों और तकनीशियन ग्रेड- I सिग्नल पद के लिए अलग-अलग आवेदन किए जाने चाहिए।

56. मैंने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और डिग्री दोनों पूरी कर ली है। क्या मैं तकनीशियन ग्रेड-I पद के लिए आवेदन में दोनों योग्यताएं शामिल कर सकता हूं?

उत्तर: हाँ, यदि उम्मीदवारों के पास तकनीशियन ग्रेड-I सिग्नल के पद के लिए इंजीनियरिंग में निर्दिष्ट डिप्लोमा या इंजीनियरिंग में डिग्री है, तो वे आवेदन करते समय दोनों योग्यताएं शामिल कर सकते हैं।

57. मैंने दो साल का डिप्लोमा पूरा कर लिया है। क्या मैं आवेदन करने के योग्य हूं?

उत्तर. नहीं, तकनीशियन-I सिग्नल पद के लिए इंजीनियरिंग में केवल तीन वर्षीय डिप्लोमा स्वीकार किया जाता है।

58. मैं ग्रेजुएट एक्ट अपरेंटिस हूं, क्या मैं तकनीशियन पे लेवल -2 के पदों के लिए आवेदन कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं, आप नहीं कर सकते। ग्रेजुएट एक्ट अपरेंटिस को कोर्स कम्प्लीटेड एक्ट अप्रेंटिसशिप के बदले स्वीकार नहीं किया जाएगा।

59. आवेदन के लिए कौन-कौन से दस्तावेज अपलोड किए जाने हैं ?

उत्तर: सभी उम्मीदवारों को निर्दिष्ट विनिर्देशों के अनुसार अपनी स्कैन की गई तस्वीर और स्कैन किए गए हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे। एससी/एसटी उम्मीदवारों को मुफ्त यात्रा पास का लाभ उठाने के लिए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

60. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों का आकार क्या होना चाहिए ?

उत्तर: पीडीएफ प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र 500 केबी से कम होना चाहिए।

फोटोग्राफ, जेपीईजी प्रारूप में, 30 केबी से 70 केबी के बीच होना चाहिए।

स्कैन किए गए हस्ताक्षर, जेपीईजी प्रारूप में, 30 केबी से 70 केबी के बीच होना चाहिए।

सभी आकर प्रकार 'व्यक्तिगत विवरण / अपलोड प्रोफ़ाइल डॉक्यूमेंट ' पृष्ठ में प्रदर्शित होगें।

61. मैं आवेदन शुल्क का भुगतान कैसे कर सकता हूं ?

उत्तर: आवेदन शुल्क का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड या यूपीआई सेवाओं के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। उम्मीदवार को आवेदन शुल्क के अतरिक्त प्रोसेसिंग शुल्क और लागू जीएसटी शुल्क देना होगा।

62. मुझे आवेदन के लिए कितने फीस का भुगतान करना होगा ?

उत्तर: जानकारी के लिए केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 7.0का अवलोकन करें ।

63. भर्ती प्रक्रिया के कितने चरण हैं?

उत्तर: कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी), दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) और मेडिकल परीक्षा (एमई) ।

64. तकनीशियन ग्रेड-I सिगनल (स्तर -5) के सीबीटी के लिए पाठ्यक्रम क्या है ?

उत्तर.: सीबीटी पाठ्यक्रम स्तर -5के लिए विस्तृत विवरण केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के पैरा 13.1 (ए) का अवलोकन करें।

65. तकनीशियन ग्रेड-III (स्तर -2) के सीबीटी के लिए पाठ्यक्रम क्या है ?

उत्तर: सीबीटी पाठ्यक्रम स्तर-2 के लिए विस्तृत विवरण के लिए केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 पैरा 13.1 (बी) का अवलोकन करें ।

66.क्या सीबीटी में नकारात्मक अंकन का प्रावधान है ?

उत्तर: हाँ, सीबीटी में नकारात्मक अंकन (प्रत्येक गलत उत्तर के लिए @ 1/3 अंक) काट लिए जाने का प्रावधान होगा।

67. मुझे परीक्षा के लिए अपनी पसंद की भाषा कहाँ चुननी चाहिए ?

उत्तर: उम्मीदवार 'व्यक्तिगत विवरण' पृष्ठ के तहत ड्रॉप-डाउन मेनू में उपलब्ध 15 भाषाओं की सूची में से अपनी पसंद की एक भाषा चुन सकता है।

68. क्या मुझे उन सभी तकनीशियन ग्रेड-III पदों के लिए वरीयता क्रम का चयन करना चाहिए जिनके लिए मैं पात्र हूं?

उत्तर: हां, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चुने हुए आरआरबी में जितने पदों के लिए पात्र हैं, उतने पदों के लिए अपनी वरीयता क्रम को इंगित करें। आंशिक प्राथमिकता वाले उम्मीदवारों को केवल उन विशिष्ट रेल जोनों और पदों/श्रेणियों के लिए विचार किया जाएगा, जिसका चयन उनके द्वारा किया गया है,आवंटन उस समय की रिक्ति उपलब्धता के अधीन होगा। यदि कुछ पदों/श्रेणियों के लिए कोई वरीयता नहीं दी जाती है,तो इसे उन पदों के लिए उनकी अनिच्छा मानी जाएगी। एक बार प्राथमिकताएं सबमिट करने के बाद, उसे अंतिम माना जाएगा, और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

69. आवेदन जमा करने से संबंधित प्रश्नों के मामले में मुझे किससे संपर्क करना चाहिए ?

उत्तर: उम्मीदवारों के लिए हेल्पलाइन: केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. 02/2024 के आवेदन जमा करने संबंधी प्रश्नों के निवारण हेतु सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निम्नलिखित संपर्क सूत्रों पर संपर्क किया जा सकता है

**Email:** rrb.help@csc.gov.in

फोन: 9592001188

0172-565-3333

70. मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा आवेदन अंततः जमा हो गया है ?

उत्तर: ऑनलाइन आवेदन की अंतिम स्वीकृति शुल्क भुगतान की पुष्टि प्राप्त करने के बाद ही होगी। आवेदक को इसके लिए ईमेल और एसएमएस के माध्यम से सफल भुगतान के पुष्टिकरण का मैसेज प्राप्त होगा।

71. मेरे आवेदन की अस्वीकृति के मामले में, क्या मेरे द्वारा भुगतान किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा?

उत्तर: नहीं, आवेदन के अस्वीकृत होने पर कोई शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

72. क्या मैं आवेदन का प्रिंट आउट ले सकता हूँ?

उत्तर: हाँ, परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के बाद उम्मीदवार अपने आवेदन का प्रिन्ट ले सकते हैं